**खास-खबरें**

## आबकारी विभाग ने 25 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की



गंजबासौदा। आबकारी बल ने जेल रोड स्थित चौरावर पठार पर सामुहिक दबिश देकर 25 लिटर हाथभट्टी मदिरा एवं 1500 किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। देहात थाना प्रभारी एच के लोहिया आबकारी उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र ठाकुर एवं संजय इवने अपने स्टाफ सहित कार्यवाही के दोरान उपस्थित रहे । आरोपी पुलिस बल देखकर मौके से फरार हो गये। बताया जाता है कि विगत 6 ,7 वर्षों पूर्व यहां अवैध शराब विक्रेता एवं निर्माता तथा पुलिस के बीच गंभीर तकरार हुई थी जो चर्चा का विषय बना रहा था।

## राजस्व महा अभियान 2.0 के क्रियान्वयन में विदिशा जिला चौथे स्थान पर

**विदिशा ( निप्र )।** जिले में राजस्व महा अभियान 2.0 क्रियान्वित है। जिले की सभी तहसीलों में राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण के लिए विशेष पहल की जा रही है जिसके फ्ल स्वरूप राजस्व महा अभियान 2.0 में उपलब्धि परिलक्षित हुई है। विदिशा जिला राजस्व महा अभियान 2.0 के क्रियान्वयन में प्रदेश में चौथे स्थान पर काबिज है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने राजस्व महा अभियान 2.0 कार्यों का संपादन कर रहे समस्त राजस्व अधिकारियों से कहा है कि अभियान के क्रियान्वयन में जिला और अधिक उपलब्धि परिलक्षित करे तथा विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करे इसके लिए राजस्व महा अभियान के कार्यों में और गति लाएं। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि राजस्व महा अभियान अंतर्गत जिले में 3,12,183 हितग्राहियों का ई-केवाययी एवं लैंड लिंकिंग की जाकर 52.09 प्रतिशत के साथ विदिशा जिला इस कार्य में प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है।

## कलेक्टर ने लदुना में सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया

**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने लदुना में सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी बच?चे नीचे ना बैठे इस बात का विशेष ध्यान रखें । फर्नीचर की व्यवस्था करें। साथ ही सभी क्लास में लाइट की व्यवस्था भी करें। निर्माण सीएम राइज स्कूल का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें । कार्य नक्शे के अनुरूप कार्य करें। कार्य को गुणवत्ता युक्त करें। खेल मैदान का कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम एवं एसडीएम श्रीमती शिवानी उपस्थित थे।

कम नहीं हुआ टीबी का जोखिम

# साढ़े पांच साल में 436 मरीजों की मौत जिले में 10 हजार से ज्यादा पेशेंट ट्रेस

सीहोर।

**तपेदिक रोग को जड़ से मिटाने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत टीबी मरीज को चिन्हांकित होने के बाद जांचें, इलाज और पोषण आहार तक की व्यवस्था निशुल्क की जाती है लेकिन इस घातक बीमारी का जोखिम बना हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि इस संक्रामक बीमारी से जिले में प्रतिमाह 6 से अधिक लोगों की मौत हो रही है।**




गौरतलब है कि जिले में तपेदिक रोग (टीबी) से पीड़ितों का इलाज और शहर से लेकर गांव तक इस बीमारी से पीड़ित लोगों की पहचान करने के लिए सरकार द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा था, लेकिन इस रोग पर इतना अंकुश नहीं लग पाया है जितना लक्ष्य रखा गया। अभी लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता की जरूरत है। साल दर साल टीबी के रोगियों की संख्या कभी कम तो कभी ज्यादा हो रही है।

**जिले में लिए गए सेंपल:** जिला क्षय रोग विभाग द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में क्षय रोग के संभावित रोगियों का चिन्हांकन किया गया। इसमें वर्ष 2019 में 11734, 2020 में 11993, 2021 में 11847, 2022 में 21693, 2023 में 52486, 2024 में अभी अगस्त माह तक 29400 इन साढे पांच वर्ष में कुल 1 लाख 44 हजार 153 टीबी टेस्ट किए गए।

**टीबी ने ले ली 436 की जान:** टीबी के मर्ज के उपचार के लिए सरकार द्वारा दवाएं मुफ्त प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए अलग विभाग बनाया गया प्रतिमाह मरीज को पोषण का आहार की राशि भी मिलती है। इन सब प्रयासों के बाद भी जिलेभर में करीब साढ़े पांच साल में 436 मरीजों की जान ले ली है। 2019 में 87, 2020 में 93, 2021 में 71, 2022 में 72, 2023 में 81, 2024 में अगस्त तक 32 टीबी मरीजों की मौतें हुईं। हर स्तर पर कर रहे प्रयास जिला क्षय रोग अधिकारी डा जागेश्वर कोरी का कहना है कि टीबी यूनिट इस बीमारियों से बचाव के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। मरीज का उपचार और जांच निशुल्क हैं। मरीज के परिजनों के भी टेस्ट लिए जाते हैं। जागरूकता के लिए गांव शहर में अभियान चलाए जाते हैं।

### 10 हजार से ज्यादा मरीज आए सामने

बीते पांच सालों में क्षय रोग विभाग द्वारा जिन लोगों लोगों को टेस्ट किया गया। उनमें साल 2019 में 2080, 2020 में 1450, 2021 में 1695, 2022 में 1841, 2023 में 1789, 2024 में अभी तक 1236 कुल 10091 मरीज जिले भर में क्षय रोग से पीड़ित पाए गए हैं, जिनका उपचार क्षय रोग विभाग में द्वारा किया गया और उनके परिजनों को भी निगरानी में रखा गया।

## निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस और सड़क सुरक्षा के लिए शिविर आयोजित



**विदिशा ( निप्र )।** जिला परिवहन विभाग विदिशा द्वारा स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) महाविद्यालय में छात्राओं को निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता पाण्डेय ने छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की छात्राएं एक जिम्मेदार नागरिक की तरह ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर ही वाहन चलाएं।

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय जरा सी लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना में देशभर में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत हो जाती है। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक रवि रंजन और आरटीआओ विदिशा के कर्मचारियों ने लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया से छात्राओं को परिचित कराया। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया में छात्राओं ने टेस्ट पास किया। इस शिविर में उपस्थित 100 से भी अधिक छात्राओं का लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस निःशुल्क बनाया गया। परिवहन विभाग के तत्वावधान में यह शिविर जिले के अन्य शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में भी आयोजित किया जाएगा।

विदिशा के शासकीय महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय के अतिरिक्त बासौदा एवं सिरोंज के महाविद्यालयों में लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा चुका है।

## निर्माणाधीन अस्पताल भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सीहोर।** जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है। इस केंद्र के लिए उपयुक्त स्थल एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला अस्पताल के उन्नयन के तहत 20 करोड़ रूपए की लागत से इस भवन का निर्माण पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय समय पर संबंधित अधिकारी गुणवत्ता का परीक्षण करें और भवन निर्माण के शासन द्वारा जारी मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने भवन का निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा।

उन्होंनें अस्पताल भवन के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस उन्यन भवन के निर्माण के बाद जिला अस्पतला 200 से बढ़कर 300 बिस्तरों का हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता एवं पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारी उपस्थित थे।

## अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के साथ पमरे महाप्रबंधक की बैठक आयोजित

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मे मंगलवार को अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग श्री एम. वेंकटेशन का आगमन हुआ। माननीय अध्यक्ष श्री वेंकटेशन द्वारा जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। स्टेशन में निरिक्षण के समय मण्डल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील, अपर मण्डल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा पर्यवेक्षक और सफाई कर्मचारी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



तत्पश्चात पमरे मुख्यालय के सभागार में श्री एम वेंकटेशन की अध्यक्षता में पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबन्धक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के साथ रेलवे में सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ एवं सुरक्षा से सम्बंधित सुविधाओं के विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में पश्चिम मध्य रेल अपर महाप्रबंधक श्री आर.एस. सक्सेना सहित प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष, मण्डल रेल प्रबन्धक श्री विवेक शील, महाप्रबन्धक के सचिव श्री राहुल जयपुरियार, उप महाप्रबन्धक (सामान्य) श्री अनुराग पाण्डेय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधिगण एवं अन्य अधिकारीगण तथा सफाई कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बैठक में महाप्रबंधक जी द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे ज़ोन के बारे में संक्षिप्त में बताते हुए कहा कि पश्चिम मध्य रेल, भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण रेलवे जोन एवं हृदय स्थल है। पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर मुख्यालय के साथ, जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल आते हैं। पश्चिम मध्य रेल भौगोलिक रूप से भारतीय रेलवे नेटवर्क के प्रमुख ट्रंक मार्गों पर स्थित है जो कि उत्तर को पश्चिम एवं दक्षिण तथा पश्चिम को भारत के पूर्वी क्षेत्रों से जोड़ता है। महप्रबन्धक जी ने कहा कि कार्य के दौरान सफाई कर्मचारियों को प्रोटेक्टिव गियर एवं इक्यूपमेंट प्रदान किये जाते हैं, जिससे कर्मचारीगण कुशलतापूर्वक कार्य के साथ-साथ स्वस्थ एवं सुरक्षित रह सकें।

## किसानों ने नारे लगाकर कृषिमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**सीहोर।** विदेशो से पॉम ऑयल का निर्यात बंद करने और सोयाबीन की सात हजार रूपये प्रति क्विंटल पूरी कीमत निर्धारित करने सहित दूग्ध के प्रति लीटर मूल्य बढ़ाने नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों पर कर्वाही करने सहित अन्य मांगों को लेकर विधानसभा क्षेत्र सीहोर के एक दर्जन गांवों के किसानों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा जोरदार नारेबाजी कर केंद्र सरकार की किसानों और कृषि से संबंधित नीतियों के खिलाफ भी आक्रोश प्रकट किया गया। किसानों ने कृषिमंत्री के नाम




का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को दिया।

किसानों ने कहा कि वर्तमान समय में सोयाबीन के भाव लागत मूल्य से काफी कम मिल रहे है जिससे किसानों की सोयाबीन बोवनी में लगी लागत भी नही निकल पा रही हैं किसानों की दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए सोयाबीन के दाम सात हजार रुपए प्रति कुंटल किया जाए या फिर भावांतर योजना वापस शुरू की जाए अगर ऐसा ही चलता रहा तो किसानों को आत्मा हत्या करने पर मजदूर होना पड़ेगा। केंद्र सरकार के द्वारा बडे व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए विदेशों से पॉम ऑयल का निर्यात बड़ी मात्रा में किया जा रहा है जिस से घेरलू सोयाबीन उत्पादक किसानों को काफी नुकसान हो रहा है और सोयाबीन का तेल उत्पादित करने वाली कंपनियों को भी घाटा हो रहा है तत्काल देशहित में पॉप ऑयल का निर्यात रोका जाए और किसानों को मरने से बचाया जाए। इसी प्रकार पशुपालक किसानों को दूग्ध के दाम अधिक दिए जाने दुध समितियों के द्वारा अमूल और सांची कंपनियों को दूध बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है।

### देपालपुर कांग्रेस का धारना आंदोलन आज

**देपालपुर।** सोयाबीन का भाव 8000,की मांग, बढ़ते बिजली के बिल,व अन्य जन समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 4 सितम्बर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, देपालपुर, गौतमपुरा, बेटमा, और हातोद द्वारा किसानों को लेकर धरना आंदोलन, किया जा रहा हे, जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव, इंदौर जिला ग्रामीण विधानसभा प्रभारी गजेंद्रसिंह सिसोदिया,पूर्व जिला संघ अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, इंदौर दूध संघ अध्यक्ष,देपालपुर विधानसभा प्रभारी मोतीसिंह पटेल उपस्थित रहेंगे।

## धर्माधिकारी को किया सम्मानित

विदिशा (निप्र)।

कालिदास संस्कृत अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद् उज्जैन एवं श्रीगंगा प्रसाद पाठक ललित न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव में धर्माधिकारी पं.गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री के सम्मान पर धर्मसंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् के.एन. शर्मा, धर्मसंघ के सचिव डॉ. जी.एस. श्रीवास्तव, श्रीरामनाम लेखन बैंक के संयोजक रामगोपाल अग्रवाल, श्रीबालाजी मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर चतुर्वेदी,




श्रीरघुनाथजी मंदिर के पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा, श्रीकृष्ण गौशाला ठर्र के संचालक ओमप्रकाश अग्रवाल, पं. रामबाबू दुबे गंजबासौदा, पं. विपिन बिहारी चौबे कुरवाई, पं.मनोज शर्मा मानौरा, पं. प्रशांत शर्मा ग्यारसपुर, संजय अग्रवाल सिरोंज, शंकरलाल छुगानी आदि ने बधाई दी।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का हुआ निराकरण



**रायसेन।** प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 54 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आर्थिक सहायता, पीएम आवास, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, विद्युत बिल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से संबंधित थे। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज अग्निवंशी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्यौहारों के मद्देनजर प्रशासन ने शांति समिति की बैठक आयोजित की

गंजबासौदा। बैठक का उद्देश्य आगामी गणेश उत्सव, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं मिलाद उन नवी पर्वों को शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। इस अवसर पर एसडीएम विजय राय ने प्रशासन की ओर से तय गाईड लाईन बताई और कहा कि डीजे का उपयोग निर्धारित वाल्यूम में ही किया जाये। गणपति पांडाल की सूचना प्रशासन को दी जावे उनमें विद्युत विभाग से अस्थाई कनेक्शन भी जरूर लें। विसर्जन के दिन निर्धारित समय में ही विसर्जन करें।

एसडीओपी मनोज मिश्रा ने सभी पर्वों पर पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की बात कही और झांकी संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप जायसवाल, टीआई शहर संजीव चौकसे, टीआई देहात हरिकिशन लोहिया, यातायात प्रभारी आशीष राय जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी



नगर के गणमान्य नागरिक गण सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहें।

विश्व हिन्दू परिषद के अभिषेक शर्मा गुरुजी ने अपना प्रस्ताव रखते हुए कहा कि मूर्तियों के विसर्जन के लिए तालाब नुमा कुंड का निर्माण करना चाहिए। जिसमें सभी बड़ी छोटी प्रतिमाएं भी विसर्जित हो सकें। अगर समय अभाव के कारण कुंड निर्माण में प्रशासन को असुविधा हो रही हो तो इस वर्ष बड़ी एवं मिट्टी की प्रतिमाओं को सीधे नदी में ही विसर्जित कराया जावे।

इस सुझाव पर एसडीम विजय राय ने एक समिति बनाने की बात कही कहा कि समिति निर्णय करेगी कि कितना बड़ा कुंड बनाना है उसकी जिम्मेदारी समीति पर सौंपी गई है। नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना ने कहा कि नगर की सड़कों पर एवं शहर से बाहर जाने वाले अन्य शहरों के पहुंच मार्गों की सड़कों पर भी मवेशियों का अंबार लगा रहता है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है क्षेत्र में कोई डेढ़ दर्जन से अधिक बड़ी गौशालाएं हैं जिसमें क्षमता अनुसार गोवंश को नहीं रखा जा रहा है प्रशासन अपने संसाधनों से छानबीन करें तो पता लग जाएगा की कितनी संख्या में गोवंश को गौशालाओं में रखा गया है जबकि पुख्ता जानकारी यह है रात्रि के समय लोगों को दिखाने मवेशियों को बंद कर दिया जाता है और सुबह छोड़ दिए जाते हैं जिससे वह खेतों में विचरण करते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचाते है सड़कों पर बैठते हैं तो दुर्घटना होती है कई मवेशी विकलांग और घायल होकर सड़क पर पड़े रहते हैं इसी क्रम में डीजे पर हमेशा चर्चा होती है लेकिन उसका वॉल्यूम कितना रहना चाहिए इस पर कभी पालन नहीं किया जाता नतीजन व्यवस्थाएं ठीक नहीं रहती राहगीरों वृद्धो को खासतौर पर हृदय रोगियों को डीजे की ऊंची आवाज से भारी क्षति होने की संभावना रहती है और जोखिम उठा कर उन्हें मजबूरी में उसी राह से गुजरना पड़ता हैं जहां पर डीजे बजाते रहते हैं इस पर प्रशासन ने कहा कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाएगा एवं गौशालाओं की जांच की जावेगी। जिला पंचायत सदस्य सीमा अहिरवार ने भी अपने सुझाव रखे और प्रशासनिक अधिकारियों को विषय पर ध्यान कराया पत्रकार रवि चौरसिया ने भी बरेठ रोड पर सड़क के दर्जनों गड्ढों का जिक्र किया जिसमें वाहनों से आने-जाने में दिक्कत होती हैसमिति की बैठक में नए सदस्यों को आमंत्रित किया गया था जिससे संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई।